<u>**राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, बरेली में वृहद वृक्षारोपण महाअभियान–2026 का सफल आयोजन**</u>

बरेली, 12 जुलाई 2026 ।

उत्तर प्रदेश शासन के "वृक्षारोपण महाअभियान–2026" तथा **<u>"एक पेड़ माँ के नाम"</u>** अभियान के अंतर्गत दिनांक 12 जुलाई 2026 को राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, बरेली में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माननीय विधायक डॉ0 डी0 सी0 वर्मा जी द्वारा पौधारोपण कर किया गया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं अधिकाधिक वृक्ष लगाने तथा उनके संरक्षण का आह्वान करते हुए कहा कि वृक्ष मानव जीवन एवं प्रकृति के संतुलन के आधार हैं। कार्यक्रम में संस्थान की प्रधानाचार्य श्रीमती नमिता वर्मा एवं सभी अधिकारियों व कर्मचारियों तथा डा0 मधु गुप्ता **CHC** प्रभारी सी०बी० गंज बरेली व क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया ।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में बरेली में वृहद पौधारोपण







## पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**स्मार्ट विजन समाचार/चरन सिंह**

**बरेली।** प्रदेश सरकार के 35 करोड़ पौधारोपण महाअभियान के तहत रविवार को जनपद बरेली में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान व्यापक जनभागीदारी के साथ मनाया गया। जिले के विभिन्न सरकारी संस्थानों, सामाजिक संगठनों और ग्रामीण क्षेत्रों में पौधारोपण, जनजागरूकता कार्यक्रम, रंगोली तथा पर्यावरण संरक्षण की शपथ के माध्यम से हरित भविष्य का संदेश दिया गया।

भारत सेवा ट्रस्ट परिसर में आयोजित जनजागरूकता कार्यक्रम में अर्बन बैंक की चेयरपर्सन श्रुति गंगवार ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लेना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण से ही पर्यावरण सुरक्षित रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं ताजी हवा मिल सकेगी। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. लाल बहादुर गंगवार तथा डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। कार्यक्रम में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पंडित हरिओम गौतम, इको क्लब के अध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा, अर्बन बैंक के निदेशक डॉ. सुरेश बाबू रस्तोगी, पूर्व विधायक प्रत्याशी राजा भोजेंद्र प्रताप गंगवार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। शिक्षक संघ के नेता राहुल यदुवंशी ने आभार व्यक्त किया। इसी क्रम में 300 बेड चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने पौधारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. पवन कपाही, डॉ. अमित, डॉ. रजनीकांत, डॉ. सतीश चन्द्र, डॉ. इंतेजार हुसैन, डॉ. मधु गुप्ता सहित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ ली। जी.टी.आई. परिसर में मीरगंज विधायक डॉ. डी.सी. वर्मा ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या नमिता वर्मा, डॉ. शर्मिला, डॉ. प्रीति तथा शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी पौधारोपण कर हरित वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया। अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता गतिविधियों का समन्वय डॉ. मधु गुप्ता ने किया। इनर व्हील क्लब ग्लोरी प्लस के सहयोग से 'एक पेड़ माँ के नाम' विषय पर आकर्षक रंगोली बनाई गई, जिसे यूपीएचसी सीबीगंज की टीम हिरदेश, सरिता, मीता, सुनीता और नीरज ने तैयार किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला उद्यान अधिकारी जितेन्द्र तथा मीना नर्सरी के स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वहीं सरदार पटेल सरोवर, बारी नगला में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में एसडीएम सदर, विथरी चैनपुर विधायक राघवेंद्र शर्मा, भाजपा आंवला जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, बीडीओ क्यारा, एडीओ क्यारा, ग्राम प्रधान, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद शर्मा, शिक्षामित्र धर्मेंद्र पटेल शिक्षक नेता डॉ के पी सिंह तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रमों के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, लगाए गए पौधों का संरक्षण करने तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया। अभियान ने यह संदेश दिया कि जनभागीदारी से ही हरित, स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य का निर्माण संभव है।

